दिनांक 29.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

इस्पात भवन में नगर निगम, भिलाई व भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारियों के बीच स्वच्छता सर्वेक्षण पर परिचर्चा हुई ।

भिलाईनगर/ आज भिलाई स्टील प्लांट के इस्पात भवन के सभागार में नगर निगम भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान सीईओ भिलाई इस्पात संयंत्र एम0 रवि के साथ भिलाई स्टील प्लांट के 100 से अधिक अधिकारीजनों के बीच स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 पर परिचर्चा हुई । भिलाई को स्वच्छता में किस प्रकार से 10 प्रमुख शहरों में लाया जाये। नगर निगम भिलाई के 70 वार्डों में से कुछ वार्ड बीएसपी क्षेत्र के भी हैं जिसकी सफाई व्यवस्था बीएसपी शुरु से करते आ रही है। भिलाई स्टील प्लांट के बहुत से अधिकारी, कर्मचारी जो पहले सेक्टर एरिया में रहते थे अब नगर निगम क्षेत्र में निवास करने लगे हैं।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में बताये कि शासन द्वारा अलग–अलग प्रकार के मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं डोर टु डोर कचरा हर घर से कलेक्शन, शौचालय की पर्याप्त सुविधा, कोई भी व्यक्ति खुले में मलमुत्र का त्याग न करें, शहर से निकलने वाले कचरे का ठीक ढंग से सेग्रीगेशन हो, सुखा कचरा रीयूज हो, गीले कचरे का खाद बनें, चौक–चौराहे, बाजार, सार्वजनिक स्थल साफ सुथरे हो, सबसे महत्वपूर्ण सर्वेक्षण की भाग है कि आम जनता की भागीदारी, इन सभी पर अलग–अलग नम्बर निर्धारित है जिसकी जांच करने टीम केन्द्र शासन द्वारा भेजी जायेगी अपने आधार पर लोकेशन तय करके मुल्यांकन करेंगे इस बार माईनस मार्किंग भी है इसी के लिए बीएसपी के अधिकारियों को स्वच्छता मोबाईल ऐप्प डाउनलोड किये वे अपने अधीनस्त विभाग के अधिकारियों को भी डाउनलोड करवायेंगे।

भिलाई स्टील प्लांट के सीईओ एम0 रवि ने बताया कि शहर से निकलने वाले कचरों का ढ़ेर अब एक समस्या बनती जा रही है जिसका निष्पादन वैज्ञानिक ढंग किया जाना अनिवार्य हो गया है नही ंतो जगह ही नहीं बचेगा सबसे बड़ी समस्या प्लास्टिक के कचरे है जो न सड़ते है और नहीं गलते है पर्यावरण को खराब करते हैं हमसब अधिकारियों को बीएसपी के बेहतर उत्पादन के साथ–साथ कचरों के निष्पादन पर भी काम करना होगा । पहले ज्यादातर चर्चा प्लांट के कार्य प्रणाली बेहतर व्यवस्था पर होती थी अब समय के साथ–साथ हमसब की जिम्मेदारी बदल रही है।

बीएसपी के सभागार में प्रोजेक्टर पर सभी माप दण्डों को समझाया गया। इसमें अपने विचार ईडी वर्क्स टी0बी0 सिंह, ईडी पियेन्डे, एमके बर्मन, ईडी मेडिकल केएन ठाकुर, ईडी फायनेंस बीपी नायक, ईडी प्रोजेक्ट एके माथूर, ईडी एमएम रीता बैनर्जी सहित जनरल मैनेजर, संयंत्र के विभागाध्यक्ष, उच्चाधिकारीगण, नगर सेवा विभाग के उपप्रबंधक एके पति, सीईओ सेक्रेट्रिएट के सहायक, महाप्रबंध डीएल कुमार, पीएचडी से के.के. यादव, आदि उपस्थित रहे।

जनसंपर्क विभाग